# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-14 फरवरी 2020

**प्रिय पाठकों,**

**यह** साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **दो सप्ताह** (1-**14) फरवरी** 2020 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **एसएससी** और रेलवे **परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

### महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत में अपनी तरह की पहली फ्रूट ट्रेन कहां शुरू की गई_______**आंध्र प्रदेश।**

   **नोट:**
   - फ्रूट ट्रेन का शुभारंभ आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के तडिपात्री रेलवे स्टेशन और कडप्पा जिले से किया गया था।
   - यह पहली बार है जब एक पूरी ट्रेन स्थानीय रूप से उगाए गए 980 मीट्रिक टन वजनी केले ले जा रही है, जिन्हें मुंबई, महाराष्ट्र के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNP) भेजा गया है।
   - ये केले ईरान निर्यात किए जाएंगे।

2. इंडियन नेशनल कमीशन फॉर कोआपरेशन विद यूनेस्को (INCCU) की पहली बैठक कहां आयोजित हुई_____**नई दिल्ली।**

   **नोट:**
   - केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री (MHRD) श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने नई दिल्ली में इंडियन नेशनल कमीशन फॉर कोआपरेशन विद यूनेस्को (INCCU) की बैठक की अध्यक्षता की।
   - राष्ट्रीय आयोग के पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक थी।

3. भारतीय नौसेना ने 5-दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास 'मातला अभियान' कहां आयोजित किया _____ **कोलकाता, पश्चिम बंगाल।**

   **नोट:**
   - भारतीय नौसेना ने स्थानीय समुदाय के बीच तटीय सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने और सुंदरबन डेल्टा में नौपरिवहन संबंधी जटिलताओं को समझने के उद्देश्य से कोलकाता, पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में पांच दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास का आयोजन किया।

4. विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (WSDS) 2020 कहां आयोजित किया गया था_____ **नई दिल्ली।**

   **नोट:**
   - केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री (MoEF&CC) ने नई दिल्ली स्थित भारतीय पर्यावास केंद्र में "Towards 2030 Goals: Making the Decade Count" विषय पर आधारित 29-31 जनवरी, 2020 तक आयोजित तीन दिवसीय विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (WSDS) 2020 का उद्घाटन किया।
   - शिखर सम्मेलन का आयोजन ऊर्जा के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त अनुसंधान संस्थान द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) द्वारा किया गया था।

5. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अवसंरचना के लिए एक विशेष योजना शुरू की, योजना का नाम है ____ **सोफिस्टिकेटेड एनालिटिकल एंड टेक्निकल हेल्प इंस्टीट्यूट (SATHI)।**

**नोट:**

- इस योजना का उद्देश्य भारत में साझा, पेशेवर रूप से प्रबंधित और मजबूत विज्ञान और प्रौद्योगिकी अवसंरचना का निर्माण करना है।
- SATHI योजना उच्च स्तरीय विश्लेषणात्मक परीक्षण प्रदान करने के लिए शिक्षा, स्टार्ट-अप, विनिर्माण, उद्योग और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाएं उपलब्ध कराएगी।
- इससे प्रतिलिपिकरण से बचने, विदेशी स्रोतों पर निर्भरता कम करने और संस्थानों के बीच सहयोग की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

6. वर्ष 2016 से 2020 तक कितने लोगों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया___ **73.47 लाख।**

**नोट:**

- वर्ष 2016 से 2020 तक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) के तहत पूरे भारत में लगभग 73.47 लाख उम्मीदवारों को अल्पकालिक प्रशिक्षण (STT) पाठ्यक्रम और रिकग्नीशन ऑफ प्रायर लर्निंग (RPL) के अंतर्गत कौशल प्रदान किया गया।
- यह कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MoSD&E) के स्किल इंडिया मिशन के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है।

7. भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण तकनीकी महोत्सव 'अंतःप्रज्ञा 2020' कहां आयोजित किया गया ___**तेलंगाना।**

**नोट:**

- इस महोत्सव का उद्घाटन तेलंगाना के निर्मल के जिला कलेक्टर एम. प्रशांथि ने किया।
- यह महोत्सव 31 जनवरी से 1 फरवरी 2020 तक तीन दिनों के लिए आयोजित किया गया था। वर्ष 2020 का विषय "**Spot and encourage rural tech innovators**" था।

8. भारत ने किसके साथ अनुसंधान और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए____ **नॉर्वे।**

**नोट:**

- समझौतों का नेतृत्व भारत के नई दिल्ली में नार्वे के शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय में महानिदेशक एनी लाइन वॉल्ड ने किया और भारत में नॉर्वे के राजदूत हैंस जैकब फ्राइडलुंड इसके साक्षी बने।
- जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और नैदानिक उपकरण, नैनो प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली और नॉर्वे की आर्कटिक यूनिवर्सिटी 'ट्रोम्सो यूनिवर्सिटी' के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

9. 'Intivadhakey पेंशन' योजना किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी, जिसने कुछ ही दिनों में लगभग 60 लाख पेंशनभोगियों के 94% लोगों को उनकी दहलीज पर सुविधा प्रदान करके एक रिकॉर्ड बनाया____**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने अपने मुख्यमंत्री (CM) येदुगुरी संदीन्ती जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व में अपनी 'Intivadhakey Pension' (पेंशन आपकी दहलीज पर) योजना के साथ एक रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें लगभग 60 लाख पेंशनभोगियों में से 94% लोगों को कुछ दिनों के अंदर उनकी दहलीज पर सुविधा प्रदान की गई है।

- यह योजना 1 फरवरी, 2020 को 13 जिलों में शुरू की गई थी।
- आंध्र प्रदेश पेंशन सेवा की घर तक पहुंच की ऐसी पहल करने वाला भारत का पहला राज्य है।

**10.** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) ने एक नई योजना लागू की, योजना का नाम है _____ **"स्कीम ऑफ फंड फॉर रिजनरेशन ऑफ ट्रेडीशनल इंडस्ट्रीज़" (SFURTI)।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत, पारंपरिक उद्योगों समूहों जैसे खादी, कॉयर और ग्रामोद्योग समूहों को स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- पांच वर्षों की अवधि में भारत में पारंपरिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे और उद्योगों को अधिक लाभदायक बनाया जाएगा।
- MSME द्वारा उद्योग समूह विकास को बढ़ावा देने के लिए इस योजना को पहली बार वर्ष 2005 में शुरू किया गया था।

**11.** जर्मन साइबर सिक्योरिटी कंपनी ग्रीनबोन सस्टेनेबल रेजीलियंस द्वारा प्रकाशित हालिया रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा राज्य शीर्ष पर है जो वैश्विक मेडिकल डेटा लीक से प्रभावित था___**महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- लगभग 120 मिलियन भारतीय रोगियों का डेटा लीक होने और इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध होने के बाद के बाद विश्लेषण किया गया।
- महाराष्ट्र के बाद 1,82,865 डेटा लीक के साथ कर्नाटक दूसरे स्थान पर है जहां से 1,37,31,001 इमेज तक आसान पहुंच प्राप्त की जा सकती थी।

**12.** सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को कितने समय में 'ग्राम न्यायलय' स्थापित करने का निर्देश दिया है ___**4 सप्ताह।**

**नोट:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालयों को मामले पर संबंधित विभाग के साथ परामर्श करने को कहा है।
- ग्राम न्यायालय के संबंध में राज्यों का वर्तमान परिदृश्य सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
- सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि कुछ राज्यों ने कोई पहल नहीं की है और इस मामले पर कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

**13.** राम मंदिर निर्माण हेतु 'श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' नामक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का नेतृत्व कौन करेगा _______**केशव अयंगर परासरन।**

**नोट:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का निरीक्षण करने के लिए एक ट्रस्ट के गठन के विषय पर संसद में घोषणा की।
- इस संबंध में, ट्रस्ट को मंदिर क्षेत्र के पास की 67.703 एकड़ जमीन आवंटित की गई है।
- इस 15 सदस्यीय ट्रस्ट में एक दलित प्रतिनिधि भी शामिल होगा जो पूरी भूमि का प्रभारी होगा।

**14.** इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो (IISS), 2020 का 22वां संस्करण कहां आयोजित हुआ_____**कोच्चि, केरल।**

**नोट:**

- इस शो का आयोजन समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (SEAI) के तहत संयुक्त रूप से किया गया था।
- इस वर्ष के शो का विषय " Blue Revolution- Beyond Production to Value Addition" है।
- कोच्चि में 200 से अधिक प्रदर्शकों, 350 स्टालों और विदेशी प्रतिनिधियों सहित 5000 से अधिक प्रतिनिधियों के कार्यक्रम में भाग लेने की उम्मीद है।

**15.** भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) और हॉकी इंडिया ने कितने स्थानों पर हाई परफॉर्मेंस हॉकी सेंटर की स्थापना की घोषणा की_____ **सात स्थानों।**

**नोट:**

- सात हाई परफॉर्मेंस हॉकी सेंटर की स्थापना खेलो इंडिया मिशन के तहत की जाएगी और इसमें विशेषज्ञ पेशेवर प्रशिक्षण, युवाओं के लिए खेल विज्ञान और शिक्षा का उपयोग किया जाएगा।

**16.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कहां पर एक नया प्रमुख बंदरगाह स्थापित करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दी_____ **वधावन।**

**नोट:**

- नया प्रमुख बंदरगाह लैंड लॉर्ड मॉडल के आधार पर स्थापित किया जाएगा।
- वधावन बंदरगाह की अनुमानित लागत 65,000 करोड़ रुपये से अधिक है।
- महाराष्ट्र के वधावन में इस नए प्रमुख बंदरगाह के विकास के बाद, भारत के दुनिया के शीर्ष 10 कंटेनर बंदरगाहों वाले देशों की सूची में शामि होने की उम्मीद है।

**17.** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने कितने शहरों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स (EoLI) 2019 लॉन्च किया______ **100 स्मार्ट शहरों।**

**नोट:**

- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) ने 100 स्मार्ट शहरों और 14 अन्य दस लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए दो मूल्यांकन फ्रेमवर्क अर्थात ईज़ ऑफ लिविंग सूचकांक (EoLI) और नगरपालिका कार्य प्रदर्शन सूचकांक (MPI) 2019 लॉन्च किए।
- इससे शहरों को योजना बनाने के साक्ष्य का उपयोग करने, उन्हें लागू करने और फिर उनके प्रदर्शन की निगरानी करने का अधिकार मिलेगा।

**18.** अमेंडेड टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड स्कीम (ATUFS) के तहत केंद्र सरकार ने कुल कितने रुपये जारी किए_____ **6,717.18 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- वर्ष 2015-16 से 2019-20 की अवधि के दौरान, केंद्र ने अमेंडेड टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड स्कीम (ATUFS) के तहत कुल 6,717.18 करोड़ रुपये जारी किए हैं।
- 2.86 लाख व्यक्तियों के रोजगार वाले कुल 9,641 आवेदन और कपड़ा इकाइयों द्वारा प्रस्तुत 40026.5 करोड़ रुपये का निवेश जनवरी 2020 तक UID (अद्वितीय पहचान संख्या) के साथ जारी किए गए हैं।
- यह जानकारी कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने कपड़ा उद्योग की प्रतिस्पर्धा के भाग के रूप में दी।

**19.** कौन सा मेट्रो रेल नेटवर्क 69.2 किमी की कुल परिचालन दूरी के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है _____ **हैदराबाद मेट्रो।**

**नोट:**

- हैदराबाद और सिकंदराबाद शहरों को जोड़ने वाले मेट्रो मार्ग का उद्घाटन तेलंगाना राज्य के मुख्यमंत्री श्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा किया गया था।
- जुबली बस स्टेशन (JBS) से महात्मा गांधी बस स्टेशन (MGBS) तक की नई मेट्रो लाइन 11 किलोमीटर (किलोमीटर) की दूरी तय करेगी।
- यह 231 किमी की परिचालन दूरी वाले दिल्ली मेट्रो रेल नेटवर्क के बाद 69.2 किमी की कुल परिचालन दूरी के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है।

**20.** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेन्द्र देबेंद्र प्रधान के अनुसार, 1 जनवरी, 2020 तक LPG कार्यविस्तार क्षेत्र पहुंच गया है ____ **96.9%।**

**नोट:**

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेन्द्र देबेंद्र प्रधान के अनुसार, भारत में कुल 27.5 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन हैं।
- इसमें से, 8 करोड़ कनेक्शन प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के तहत प्रदान किए गए हैं।
- इसके अलावा, 1 जनवरी, 2020 तक LPG विस्तार 96.9% तक पहुंच गया है।

**21.** समुद्री सुरक्षा सहयोग पर पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, 2020 के चौथे संस्करण का आयोजन कहां हुआ ____**चेन्नई, तमिलनाडु।**

**नोट:**

- सम्मेलन का आयोजन संयुक्त रूप से विदेश मंत्रालय (MEA), भारत सरकार द्वारा ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया सरकारों के सहयोग से किया गया था।
- सम्मेलन के ज्ञान साझेदारों में नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन (NMF) और विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (RIS) शामिल हैं।
- भारत सरकार द्वारा आयोजित EAS समुद्री सुरक्षा सम्मेलनों के पिछले 3 संस्करण नवंबर 2015 में नई दिल्ली, नवंबर 2016 में गोवा और जून 2018 में भुवनेश्वर में आयोजित किए गए थे।

**22.** पहली बार हॉर्नबिल महोत्सव मनाया गया____**त्रिपुरा।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देव ने बारामूरा पहाड़ी (पश्चिमी त्रिपुरा में) में दो दिवसीय हॉर्नबिल महोत्सव का उद्घाटन किया।
- महोत्सव का उद्देश्य लोगों में पक्षी संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाना है।
- हॉर्नबिल महोत्सव हर वर्ष 1 से 10 दिसंबर तक पूर्वोत्तर भारत के नागालैंड में मनाया जाता है। इसे 'महोत्सवों का महोत्सव' भी कहा जाता है।
- अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर ने भी नागालैंड के बाद हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन शुरू किया।

**23.** जंगली जानवरों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण (CMS) पर आधारित सम्मेलन 13वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP) भारत द्वारा कहां आयोजित किया गया _____ **गांधीनगर, गुजरात।**

**नोट:**

- यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा समर्थित एक पर्यावरण संधि है।
- इसका लोगो भारत में अमूर फाल्कन, हम्पबैक व्हेल और समुद्री कछुओं जैसे महत्वपूर्ण प्रवासी प्रजातियों को चित्रों से प्रेरित है।
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (Gibi) को आधिकारिक शुभंकर के रूप में चुना गया है।
- भारत में CMS COP 13 का विषय "Migratory species connect the planet and we welcome them Home" हैं।

**24.** द्विवार्षिक विशाल रक्षा प्रदर्शनी "DefExpo 2020" क 11वां संस्करण कहां आयोजित हुआ ____**लखनऊ।**

**नोट:**

- रक्षा उत्पादन, रक्षा मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित DefExpo-2020 का 11वां संस्करण पहली बार 5 से 9 फरवरी, 2020 तक लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया था।
- इसका मुख्य विषय “भारत: उभरता रक्षा उत्पाद विनिर्माण हब” था, जिसमें “रक्षा के डिजिटल रूपांतरण” पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।
- इस प्रदर्शनी को "रक्षा विनिर्माण कंपनियों का महाकुंभ" भी कहा जाता है। प्रदर्शनी के अंतिम दो दिन जनता के लिए खोले गए थे।

**25.** “दूसरा बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास -2020 (BIMSTEC DMEx -2020)” कहां आयोजित हुआ____ **भुवनेश्वर/पुरी, ओडिशा।**

**नोट:**

- अभ्यास का विषय "एक सांस्कृतिक विरासत स्थल जो भूकंप में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ" और "बाढ़ या तूफान" है।
- भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) द्वारा आयोजित, BIMSTEC DMEx-2020 का उद्घाटन ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक द्वारा किया गया था।
- ऐसा ही पहला अभ्यास वर्ष 2017 में हुआ था।

**26.** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ‘हुनरहाट’ के 20वें संस्करण का विषय ___**“कौशल को काम”।**

**नोट:**

- अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ‘हुनरहाट’ विशेष कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा हस्तनिर्मित स्वदेशी उत्पादों को आम लोगों के लिए उपलब्ध कराती है, यह 13-23 फरवरी, 2020 तक “कौशल को काम” विषय पर “इंडिया गेट लॉन, राजपथ, नई दिल्ली में आयोजित होगा।

**27.** भारत सरकार ने राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (NIFM), फरीदाबाद का नाम बदलकर किसके नाम पर करने का फैसला किया___ **अरुण जेटली।**

**नोट:**

- भारत सरकार ने राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (NIFM), फरीदाबाद, हरियाणा का नाम बदलकर "अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (AJNIFM)" करने का निर्णय लिया।
- NIFM, फरीदाबाद की स्थापना वर्ष 1993 में वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी, जो UPSC द्वारा भर्ती किए गए विभिन्न वित्त और लेखा सेवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करता है।

**28.** "CLIMISHCON" जलीय चक्र, महासागरीय पारिस्थितिकी तंत्र, मत्स्य पालन और खाद्य सुरक्षा में परिवर्तन पर चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, यह कहां आयोजित किया गया _____ **कोच्चि, केरल।**

**नोट:**

- "CLIMISHCON" वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण जलीय चक्र, महासागर पारिस्थितिकी तंत्र, मत्स्य पालन और खाद्य सुरक्षा में परिवर्तन पर आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है।
- सम्मेलन का विषय 'Climate Change-Effective Adaptation for a Secure Future' है।

**29.** भारत का सबसे बड़ा वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क कहां स्थापित किया जाएगा_____ **मुंबई।**

**नोट:**

- बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) मुंबई, महाराष्ट्र में 90 स्थानों पर एक वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क विकसित करेगा। यह भारत का सबसे बड़ा नेटवर्क होगा।
- BMC और निजी संगठनों द्वारा वित्त पोषित परियोजना अगले 5 वर्षों के अंदर पूरी हो जाएगी।

**30.** राष्ट्रीय जल सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था_____**भोपाल।**

**नोट:**

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने भोपाल, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय जल सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- सम्मेलन का आयोजन "जल का अधिकार" या "जल अधिकार अधिनियम" के दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के लिए किया जा रहा है और यह राज्य में जल संकट पर चर्चा करता है और राज्य को जल संपन्न राज्य बनाता है।

**31.** BIMSTEC (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम) 'कॉन्फ्रेंस ऑन कॉम्बैटिंग ड्रग ट्रैफिकिंग' कहां आयोजित किया गया ____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में दो दिवसीय बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम) 'कॉन्फ्रेंस ऑन कॉम्बैटिंग ड्रग ट्रैफिकिंग' का उद्घाटन किया।
- यह नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB), गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था।
- यह सम्मेलन वर्ष 2018 में नेपाल के काठमांडू में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई प्रतिबद्धता की तर्ज पर आयोजित किया गया था।

**32.** एंटी-हाईजैक अभ्यास कहां आयोजित किया गया ____**विशाखापत्तनम हवाई अड्डे, आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- एंटी-हाइजैक अभ्यास 12 फरवरी, 2020 फरवरी को INS देगा (भारतीय नौसेना का एक नौसेना वायु स्टेशन) द्वारा आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम हवाई अड्डे पर नौसेना के एक डोर्नियर विमान का उपयोग करके एक कृत्रिम परिस्थिति का निर्माण करके किया गया और अभ्यास का मुख्य उद्देश्य हाईजैक के खतरों के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा अपनाई जाने वाली योजनाओं और प्रक्रियाओं का परीक्षण करना था।

**33.** विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि दो संस्थानों- प्रवासी भारतीय केंद्र और फॉरेन सर्विस इंस्टीट्यूट का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा जाएगा ___ **सुषमा स्वराज।**

**नोट:**

- विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि पूर्व भारतीय राजनयिक सुषमा स्वराज द्वारा लोक सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए दो संस्थानों- प्रवासी भारतीय केंद्र और फॉरेन सर्विस इंस्टीट्यूट का नाम बदलकर उनके नाम पर रखा गया है।
- यह घोषाणा 14 फरवरी, 2020 को उनकी 68वीं जयंती पर की गई।

**34.** यात्रियों को विश्व स्तर की सुविधा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे ने कहां पर ट्रैक के किनारे 5- स्टार होटल तैयार करने की योजना बनाई है_____ **गांधीनगर, गुजरात।**

**नोट:**

- भारतीय रेलवे ने यात्रियों को विश्व स्तर की सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए गुजरात के गांधीनगर रेलवे स्टेशन में पटरियों के किनारे 5- स्टार होटल तैयार करने की योजना बनाई है।
- यह भारत में पहला प्रयोग होगा।
- होटल का निर्माण प्रसिद्ध होटल चेन लीला ग्रुप द्वारा किया जा रहा है, जो दिसंबर 2020 तक पूरा हो सकता है।

**35.** वियतनाम समाजवादी गणराज्य की उप-राष्ट्रपति जिन्होंने भारत का दौरा किया_____**श्रीमती डैंग थाई नेगोक थिन्ह।**

**नोट:**

- यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के उप-राष्ट्रपति, मुप्पावरापु वेंकैया नायडू के साथ द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।
- वे दोनों देशों के बीच वर्ष 2016 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमत हुए।
- नई दिल्ली में भारत और वियतनाम के बीच सीधी उड़ानों के शुभारंभ का संयुक्त उद्घाटन हुआ। दोनों पक्षों ने नई दिल्ली में वॉयस ऑफ वियतनाम के एक आवासी कार्यालय को खोलने के लिए एक समझौता किया।

**36.** गंगा नदी तट पर आर्थिक गतिविधि को दिशा देने वाले प्रॉजेक्ट का नाम क्या है _____**'अर्थ गंगा'।**

**नोट:**

- जहाजरानी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), रसायन, और उर्वरक मंत्री श्री मनसुख मंडाविया के अनुसार, 'अर्थ गंगा' प्रॉजेक्ट एक सतत विकास मॉडल, जो गंगा तट के किनारे आर्थिक गतिविधियों पर केंद्रित है।
  भारत की लगभग आधी आबादी गंगा नदी बेल्ट के आसपास निवास करती है। इसके अलावा, गंगा बेल्ट के आसपास के राज्यों में भारत के कुल भाड़े का लगभग 1/5 उत्पन्न होता है और 1/3 समाप्त होता है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. आंध्र प्रदेश (AP) ने कौन सी डोरस्टेप पेंशन वितरण योजना शुरू की_____ **YSR पेंशन कनुका।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत वृद्ध पेंशनधारियों को विभिन्न पेंशन वितरित की जाएंगी। वृद्धावस्था पेंशन पाने वालों की आयु भी 65 से 60 वर्ष कर दी गई है।
- विकलांग पेंशन (DP) 3000 प्रति माह रुपये होगी जबकि CKDU (क्रॉनिक किडली डिसीज़ ऑफ अननोन) / डायलिसिस पेंशन के लिए पेंशन राशि 5,000 रुपये प्रति माह से 10,000 रुपये प्रति माह होगी।

2. सभी प्रकार की ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं की बिक्री किसके द्वारा शुरू की गई_____**पंजाब।**

**नोट:**

- पंजाब सरकार ने अवैध बिक्री की जांच करने के लिए लॉटरी (विनियमन) अधिनियम 1998 की धारा 5 के तहत सभी प्रकार की ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- यह अधिनियम न केवल अवैध लॉटरी कारोबार की जांच करेगा बल्कि पंजाब के कर एवं गैर कर राजस्व को भी बढ़ाएगा।

3. सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का 34वां संस्करण कहां आयोजित किया गया______ **हरियाणा।**

**नोट:**

- मेले का आयोजन सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और हरियाणा पर्यटन द्वारा केंद्रीय पर्यटन, कपड़ा, संस्कृति एवं विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया जाता है।
- इस मेले का मुख्य उद्देश्य देश के हस्तशिल्प, ग्रामीण शिल्प, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना और हमारे देश की विरासत को नई पीढ़ियों के बीच लाना है।

4. अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2020 का आयोजन किसने किया ____**मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- मध्य प्रदेश सरकार अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2020 का आयोजन 31 जनवरी से 2 फरवरी 2020 तक नर्मदा जयंती के दौरान अमरकंटक, मध्य प्रदेश के खूबसूरत मैदानों में करती है।
- नर्मदा मध्य प्रदेश और गुजरात के लिए पेयजल, सिंचाई और पनबिजली का एक प्रमुख स्रोत है।

5. जनसेवक योजना किस राज्य द्वारा शुरू की गई ______ **कर्नाटक।**

**नोट:**

- कर्नाटक सरकार ने विभिन्न सरकारी सेवाओं जैसे राशन कार्ड, वरिष्ठ नागरिक पहचान पत्र और स्वास्थ्य कार्ड, आदि की होम डिलीवरी प्रदान करने के लिए कुछ नगर निगम वार्डों में जनसेवक योजना शुरू की।
- इस योजना को कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री बुकानाकेरे सिद्धलिंगप्पा येदियुरप्पा द्वारा शुरू किया गया है, और इस योजना में 11 विभागों की 53 सेवाएं शामिल होंगी।

6. देश में अपनी तरह का पहला, ग्लास फ्लोर सस्पेंशन ब्रिज कहां बनाया जा रहा है______**उत्तराखंड।**

**नोट:**

- उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा नदी पर बनने वाले देश में अपनी तरह के पहले ग्लास फ्लोर सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण को मंजूरी दी है।
- इसे प्रतिष्ठित लक्ष्मण झूला के प्रतिस्थापन के रूप में बनाया जा रहा है जो 2019 में सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था।
- ग्लास फ्लोर सस्पेंशन ब्रिज का डिजाइन लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा तैयार किया गया है।

7. किस राज्य सरकार ने पहली बार गांवों के मानचित्रण के लिए ड्रोन का उपयोग करने का निर्णय लिया है______**मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- यह भूमि सर्वेक्षण कार्य की जगह लेगा, जो लोगों द्वारा या उपग्रह तस्वीरों की सहायता से किया जाता था।
- इस संबंध में, राज्य के राजस्व विभाग ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत देश की राष्ट्रीय मानचित्रण एजेंसी सर्वे ऑफ इंडिया के साथ एक समझौता किया।

**8.** भारत में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या (33,964) कहां पर सर्वाधिक है____**महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- यह राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा जारी 'भारत में लापता महिलाएं और बच्चे' वाली रिपोर्ट पर आधारित है।
- यह एक भारतीय सरकारी एजेंसी है जो अपराध के आंकड़ों को एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने के लिए उत्तरदायी है।
- वर्ष 2016, 2017 और 2018 में मध्य प्रदेश में लापता बच्चों की संख्या अधिकतम (10,038) है।

**9.** मुख्मंत्री परिवार समृद्धि योजना किसने शुरू की थी ____**हरियाणा।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने संयुक्त रूप से इस योजना की शुरुआत की।
- यह योजना गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को 6000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। और धनराशि बैंक खातों में DBT (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

**10.** किस राज्य ने 25 रुपये में रियायती भोजन प्रदान करने के लिए 1,000 'कुदुम्बश्री' होटल स्थापित करने की पहल का अनावरण किया____**केरल।**

**नोट:**

- बजट 2020-21 के लिए बजट पेश करते समय, केरल के वित्त मंत्री टी.एम. थॉमस इसाक ने 25 रुपये में केरल का रियायती भोजन प्रदान करने के लिए 1,000 'कुदुम्बश्री' होटल स्थापित करने की पहल का अनावरण किया।
- इस संबंध में, 1034 स्थानीय निकयों में से प्रत्येक में एक बजट होटल स्थापित किया जाएगा।
- कुदुम्बश्री ने छाता, नारियल उत्पादों और करी पाउडर जैसे उत्पादों के निर्माण और नागरिक आपूर्ति निगम की दुकानों के माध्यम से इनकी बिक्री के लिए एक समझौता किया है।

**11.** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री येदुगुरीसंदिन्ति जगनमोहन रेड्डी ने राज्य में कहां पर दिशा पुलिस स्टेशन का शुभारंभ किया____**राजमहेंद्रवर्मन।**

**नोट:**

- दिशा पुलिस स्टेशन की स्थापना यौन अपराधों से पीड़ित महिलाओं और प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (POCSO) अधिनियम, 2012 के तहत अन्य जघन्य अपराधों के लिए त्वरित न्याय प्रदान करने हेतु की गई है।
- मुख्यमंत्री ने संकट में घिरी महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता के लिए एक ऐप भी लॉन्च किया।
- नया पुलिस स्टेशन चिकित्सीय और वैज्ञानिक सबूत इकट्ठा करने के लिए काउंसलर, मोबाइल किट तैनात करेगा और स्टेशन पर आने वाले पीड़ितों की मदद करने के लिए देखभाल कर्ताओं को रखेगा।

**12.** UDAN योजना के तहत पहली हेलीकाप्टर सेवा किसने शुरू की ____**उत्तराखंड।**

**नोट:**

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA) के सचिव श्री प्रदीप सिंह खरोला के साथ संयुक्त रूप से देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से गौचर और सहस्त्रधारा से चिन्यालीसौड़ तक पहली हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया।
- यह भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक के तहत शुरू की गई थी।
- इस हेलिकॉप्टर सेवा का मुख्य उद्देश्य देश में पहाड़ी क्षेत्रों के हवाई संपर्क में सुधार करना है।

**13.** छात्रों में पढ़ने की आदत बढ़ाने के लिए 'रीडिंग मिशन' किसने शुरू किया ____**हरियाणा।**

**नोट:**

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने छात्रों के बीच पढ़ने की आदत बढ़ाने के लिए 'रीडिंग मिशन- हरियाणा' का शुभारंभ किया।
- यह मिशन केंद्र सरकार के "रीडिंग मिशन -2022" के आधार पर लॉन्च किया गया है और इसका उद्देश्य किताबों के खोए हुए गौरव को वापस लाना है।

**14.** छत्तीसगढ़ का 28वां जिला ___ **गौरेला-पेंड्रा-मेवाही।**

**नोट:**

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौरेला-पेंड्रा-मेवाही को राज्य का 28वां जिला घोषित किया।
- नया जिला, जो बिलासपुर से निकाला गया है, में 3 तहसील (तालुक) और 3 विकास खंड- गौरेला, पेंड्रा और मरवाही हैं।
- नए जिले में 166 ग्राम पंचायत, 222 गांव और दो नगर पंचायत हैं, जिनका क्षेत्रफल 1,68,225 हेक्टेयर है।

**15.** तमिलनाडु का वह क्षेत्र जो संरक्षित कृषि क्षेत्र घोषित किया जाएगा___ **कावेरी डेल्टा क्षेत्र।**

**नोट:**

- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एडप्पदी के. पलानीस्वामी ने घोषणा की कि डेल्टा क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए विशेष कानून निर्माण हेतु विशेष टीम बनाई जाएगी।
- संरक्षित क्षेत्र में तंजावुर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम और त्रिची, करूर, अरियालुर, कुड्डलोर और पुदुकोट्टई जैसे डेल्टा क्षेत्र शामिल हैं।
- संरक्षित क्षेत्र में केवल कृषि आधारित उद्योगों की अनुमति है।

**16.** भूजल के गिरते स्तर को सुधारने के लिए 'भूजल अधिनियम -2020' किसने मंजूर किया ____**उत्तर प्रदेश सरकार।**

**नोट:**

- मंत्रिमंडल ने भूजल स्तर को दूषित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ दंड और सजा के प्रावधानों को भी मंजूरी दी है।
- इस नए अधिनियम के तहत, सबमर्सिबल पंप स्थापित करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा।
- घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को इस पंजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

**17.** प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने और जैविक एवं प्राकृतिक कृषिकर्म का उपयोग करके किसानों की आय में सतत वृद्धि के लिए देश में 11 कृषि संस्थानों के साथ किसने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए___**आंध्र प्रदेश।**

**नोट:**

- मुख्यमंत्री येदुगुरी सन्दिन्ती जगमोहन रेड्डी ने राज्य कृषि विभाग और संस्थानों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR), राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन, केंद्रीय उर्वरक गुणवत्ता और प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के बीच अमरावती, आंध्र प्रदेश में समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान का निरीक्षण किया।
- मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि पूरे राज्य में जून, 2020 तक 11,158 रायथू भरोसा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो किसानों को सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कृषि, बागवानी, पशु चिकित्सा और जलीय कृषि सहायकों द्वारा प्रशासित किए जाएंगे।

**18.** विधानसभा में CAA, NRC, NPR के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला केंद्रशासित प्रदेश ___ **पुदुचेरी।**

**नोट:**

- पुदुचेरी विधानसभा ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) 2019, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है।
- केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी के मुख्यमंत्री वेलु नारायणसामी ने प्रस्ताव पारित किया और केंद्र सरकार से इन कानूनों को वापस लेने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष वी.पी. शिवकोलुंधु ने कहा कि प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है।
- इसके साथ, यह CAA के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला केंद्र शासित प्रदेश (UT) बन गया है।

**19.** नगरपालिका वित्तीय लेखा प्रणाली को लागू करने के लिए eGov फाउंडेशन, बेंगलुरु के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर किसने हस्ताक्षर किए _____**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विभाग के विशेष सचिव संजय कुमार सिंह यादव और e-Gov फाउंडेशन के CEO (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) विराज त्यागी द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसका मुख्य उद्देश्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए नागरिकों और शहरी प्रशासन के बीच लेखा कार्यों के संचालन और कुशल पारस्परिक प्रभाव को डिजिटल बनाना है।
- e-Gov फाउंडेशन, DIGIT- भारत के शहरी प्रशासन के लिए भारत के सबसे बड़े ओपन सोर्स प्लेटफ़ॉर्म का संग्रहण आधारित डबल-एंट्री फाइनेंशियल अकाउंटिंग एप्लिकेशन प्रदान करेगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका में थिंक टैंक और सिविल सोसायटी कार्यक्रम द्वारा जारी ग्लोबल गो टू थिंक टैंक इंडेक्स रिपोर्ट-2019 में, भारत के ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) का स्थान _____**27वां।**

**नोट:**

- रिपोर्ट के अनुसार भारत के ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) को 176 वैश्विक थिंक टैंकों में 27वें स्थान पर रखा गया था।
- रिपोर्ट में अमेरिका के कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस (CEIP) द्वारा शीर्ष स्थान हासिल किया गया।

**2.** कौन सा देश एक बार फिर से राष्ट्रमंडल परिवार का सदस्य बन गया___**मालदीव।**

**नोट:**

- मालदीव राष्ट्रमंडल परिवार का 54वां सदस्य बन गया।
- नवंबर 2018 में, राष्ट्रपति मोहम्मद सोलीह मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल परिवार में शामिल होने के लिए प्रस्ताव पारित किया।
- राष्ट्रमंडल पर्यवेक्षक समूह, जिन्होंने अप्रैल 2019 में मालदीव का दौरा किया, और 53 राष्ट्रमंडल राष्ट्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद मालदीव पुन: परिवार में शामिल हो गया।

**3.** किस देश ने भारतीय पर्यटकों के लिए नि:शुल्क प्रवेश समाप्त किया ____**भूटान।**

**नोट:**

- भूटान सरकार, थिम्पू ने जुलाई 2020 से भारत, मालदीव, बांग्लादेश से "क्षेत्रीय पर्यटकों" के लिए 1200 रुपये (17 डॉलर) का दैनिक शुल्क लागू करने का निर्णय लिया।
- नई पर्यटन नीति को विनियमित करने के लिए शुल्क को SDF (सतत विकास शुल्क) कहा गया है।

**4.** वर्ष 2020 के 8वें अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक में भारत का स्थान ____**40वां स्थान।**

**नोट:**

- यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर ने वर्ष 2020 के लिए अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक का 8वां संस्करण जारी किया।
- रिपोर्ट मीर पुगैच और डेविड टॉर्स्टेंसन ने तैयार की थी।
- इस सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका (अमेरिका) पहले स्थान पर और उसके बाद यूके (यूनाइटेड किंगडम), स्वीडन, फ्रांस और जर्मनी का स्थान है।

**5.** भारत के लिए एक नई बाल संरक्षण कोष किसने जारी किया _____ **ब्रिटेन के राजकुमार।**

**नोट:**

- ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स ने ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के भाग के रूप में भारत के लिए एक नए बाल संरक्षण कोष का अनावरण किया।
- उन्होंने अमेरिकी गायक कैथरीन एलिजाबेथ हडसन (कैटी पेरी) को भारत के लिए ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट चिल्ड्रन प्रोटेक्शन फंड का नया सद्भावना दूत घोषित किया।
- ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट चिल्ड्रन प्रोटेक्शन फंड दक्षिण एशिया में बच्चों को बाल श्रम, बाल यौन शोषण, मानव तस्करी से बचाएगा।

**6.** 27-राष्ट्रों वाला अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता गठबंधन किसके द्वारा शुरू किया जाएगा_____ **संयुक्त राज्य अमेरिका।**

**नोट:**

- गठबंधन दुनिया भर में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा और संरक्षण में एक सामूहिक दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास करेगा।
- इसकी घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री माइकल पोम्पेओ ने की थी।
- आज दुनिया में दस में से आठ से अधिक लोग ऐसी जगह रहते हैं जहां वे अपने धर्म का खुलकर पालन नहीं कर सकते हैं।
- इसलिए, उन्हें धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए, यह गठबंधन शुरू किया गया है।

**7.** किस देश ने 4 फरवरी 2020 को अपना 72वां स्वतंत्रता दिवस मनाया____**श्रीलंका।**

**नोट:**

- इस दिन, ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद श्रीलंका एक स्वतंत्र राष्ट्र बन गया।
- समारोह में बड़ा परिवर्तन श्रीलंका का राष्ट्रीय गान था क्योंकि इसे केवल सिंहला (तमिल भाषा में नहीं) में गाया गया था।
- राष्ट्रगान वर्ष 2016 से दोनों भाषाओं में गाया जाता था।

**8.** मोहम्मद तौफीक अल्लावी को कहां का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया______ **इराक।**

**नोट:**

- मोहम्मद तौफीक अल्लावी को राष्ट्रपति बरहिम सालिह द्वारा इराक का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया गया था।
- वह आदिल अब्दुल-महदी की जगह लेंगे जिन्होंने सरकार विरोधी प्रतिवाद के कारण नवंबर 2019 में इस्तीफा दे दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी के तहत मोहम्मद अल्लावी ने दो बार संचार मंत्री के रूप में कार्य किया।
- वर्ष 2019 के इराक प्रतिवाद को तिशरीन क्रांति (अक्टूबर क्रांति) या इराकी इंतिफदा भी कहा गया था।

**9.** संयुक्त राष्ट्र ने कहां पर मानवीय कार्यों के लिए 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए______ **सीरिया।**

**नोट:**

- सीरिया के इदलिब प्रांत को संयुक्त राष्ट्र संघ (UN) के केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (CERF) से मानवीय कार्यों के लिए अतिरिक्त 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए हैं।
- यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के महानिदेशक और आपातकालीन राहत समन्वयक मार्क लोवॉक द्वारा न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दी गई।

**10.** ग्लोबल मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) बिजनेस स्कूल रैंकिंग 2020 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बेंगलुरु (IIMB) का स्थान ____**तीसरा।**

**नोट:**

- यह MOOC के प्रावधान पर आधारित पहली-बिजनेस स्कूल रैंकिंग है।
- MOOC लैब ने विश्व स्तर पर उन व्यावसायिक स्कूलों के लिए रैंकिंग प्रकाशित की है जो MOOC पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं।
- दुनिया भर में 16 बिजनेस स्कूल 3 प्रमुख MOOC प्लेटफॉर्मों- कोर्सेरा, एडएक्स (edX) और फ्यूचरलर्न पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

**11.** भारत और किस देश के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर -2020' के पांचवें संस्करण का आयोजन किया गया______ **यूनाइटेड किंगडम।**

**नोट:**

- भारतीय और यूनाइटेड किंगडम की सेनाओं में से प्रत्येक से 120 सैनिक इस अभ्यास में भाग लेंगे और अगला संस्करण भारत में आयोजित किया जाएगा।
- इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य अधिक सैनिकों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास करना और शहरी एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी गतिविधियों के संचालन पर विशेष महत्व देना है।

- आधुनिक हथियार प्रणाली और उपकरण से निपटने पर प्रशिक्षण और सिम्युलेटर आधारित प्रशिक्षण भी नियोजित किया गया है।

**12.** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने कोरोना वायरस को आधिकारिक तौर पर क्या नाम दिया है____ **COVID-19।**

**नोट:**

- "co" का अर्थ "कोरोना", "vi" का अर्थ है वायरस और “d” का अर्थ है "डिसीज", जबकि "19" वर्ष के लिए था, क्योंकि इसका प्रकोप पहली बार दिसंबर 2019 में चीन के वुहान क्षेत्र में हुआ था।
- इससे पहले WHO ने वायरस के लिए "2019-nCoV एक्यूट रेस्पिरेटरी डिसीज" नामक अस्थायी नाम दिया था और चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने इसे "नोवल कोरोना वायरस निमोनिया" या NCP नाम दिया था।
- नया नाम वायरस से संबंधित एक विशिष्ट भौगोलिक स्थान, जानवरों की प्रजातियों या लोगों के समूह के संदर्भों को दूर करने के लिए दिया गया था।

**13.** अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) 2020 की वार्षिक शासी परिषद की 43वीं बैठक कहां आयोजित हुई____**रोम, इटली।**

**नोट:**

- इस वर्ष का विषय " Investing in sustainable food systems to end hunger by 2030" है।
- यह बैठक, माली गणराज्य के राष्ट्रपति इब्राहिम बाउबकर केइता द्वारा शुरू की गई, जिसमें सतत, समावेशी, पौष्टिक और कुशल खाद्य प्रणालियों का समर्थन करने में IFAD की भूमिका और अनुभव पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया जो इसे भूख को खत्म करने में योगदान देने के लिए एक विशेष स्थान देता है।

**14.** उस अंतरिक्ष यात्री का नाम बताएं जो अंतरिक्ष में रिकॉर्ड समय तक रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे____**क्रिस्टीना कोच।**

नोट:

- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) की अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच अंतरिक्ष में रिकॉर्ड समय तक रहने के बाद पृथ्वी पर लौटीं।
- अंतरिक्ष में 328 दिन रहने के बाद, उन्होंने 289 दिनों तक सिंगल स्पेसफ्लाइट पर एक अमेरिकी महिला पैगी व्हिटसन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

**15.** मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस जो कोरोना वायरस के भय के कारण रद्द कर दी गई, कहां आयोजित होनी थी____**बार्सिलोना।**

**नोट:**

- बार्सिलोना में एक लाख से अधिक आगंतुकों को आकर्षित करने वाली वार्षिक टेलीकॉम उद्योग सभा मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस को कोरोना वायरस के भय के कारण रद्द कर दिया गया था।
- यह कार्यक्रम ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस (GSMA) टेलीकॉम एसोसिएशन ने आयोजित किया था।
- यह निर्णय दर्जनों तकनीकी कंपनियों और वायरलेस कैरियर के बाहर होने के बाद लिया गया है, जिसमें नोकिया, वोडाफोन, ड्यूश टेलीकॉम और ब्रिटेन के बीटी रद्द करने वालों में प्रमुख हैं।

**16.** यूनाइटेड किंगडम का वित्त मंत्री किसे नियुक्त किया गया ____**ऋषि सुंक।**

**नोट:**

- वह पाकिस्तानी चांसलर साजिद जाविद की जगह लेंगे। अब भारतीय मूल के तीन संसद सदस्य ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में ब्रिटेन के सबसे विविध मंत्रिमंडल का एक हिस्सा हैं।

- ऋषि सुंक के साथ, प्रीति पटेल को गृह मंत्री के रूप में और आलोक शर्मा को ब्रिटिश मंत्रिमंडल में व्यापार सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. लघु एवं मध्यम उद्यमों (SME) के ग्राहकों की साख गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए केयर रेटिंग्स के साथ भागीदारी करने वाला बैंक___**बैंक ऑफ बड़ौदा।**

   **नोट:**

   - राष्ट्र के स्वामित्व वाले बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) ने लघु एवं मध्यम उद्यमों (SME) के ग्राहकों की साख गुणवत्ता का आकलन करने के लिए केयर रेटिंग्स के साथ भागीदारी की है।
   - यह साझेदारी संगठित, असंगठित और नए आंकड़े वर्ग का प्रसंस्करण और विश्लेषण करके बैंक के वर्तमान और भावी SME ग्राहकों की साख गुणवत्ता को वर्गीकृत करने में मदद करेगी।

2. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) ने किसे कम ब्याज दर पर 140 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने के लिए अपनी मंज़ूरी दी____**पंजाब स्टेट एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट बैंक (PSADB)।**

   **नोट**:

   - राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) ने पंजाब स्टेट एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट बैंक (PSADB) को कम ब्याज दर पर 140 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए अपनी मंज़ूरी प्रदान की।
   - यह PSADB को वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ मजबूत करने के लिए किया गया है।

3. फिच रेटिंग्स इनकॉर्पोरेशन ने अपने 'भारत के आर्थिक विकास दृष्टिकोण' में वित्तीय वर्ष 2021 के लिए भारत की GDP विकास दर कितनी रहने का अनुमान लगाया है____ **5.6%।**

   **नोट:**

   - अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स इनकॉर्पोरेशन ने अपने 'भारत के आर्थिक विकास दृष्टिकोण' में वित्त वर्ष - 2021 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की विकास दर 5.6% रहने का अनुमान लगाया है।
   - चालू वित्त वर्ष 2019-20 (वित्त वर्ष 20) के लिए, अनुमानित GDP 4.6% है।

4. कोलकाता में सियालदह रेलवे स्टेशन पर एक पिक-अप कियोस्क स्थापित करने के लिए पूर्वी रेलवे के साथ भागीदारी करने वाली कंपनी____**अमेजन इंडिया।**

   **नोट:**

   - बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी (MNC) अमेजन इंडिया ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में सियालदह रेलवे स्टेशन पर एक पिक-अप कियोस्क स्थापित करने के लिए पूर्वी रेलवे के साथ भागीदारी की।
   - पिकअप कियोस्क की पहली सफल प्रारंभिक योजना वर्ष 2019 में मुंबई, महाराष्ट्र के 4 रेलवे स्टेशनों में स्थापित की गई थी।

5. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने यम रेस्टोरेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (YRIPL) और किसके संयोजन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी______**देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (DIL)।**

**नोट:**

- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने यम रेस्टोरेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (YRIPL) और देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड (DIL) के संयोजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।
- प्रस्ताव के तहत DIL कुछ शेयर हिस्सेदारी का अधिग्रहण और कुछ केएफसी रेस्टोरेंट का विक्रय करने जा रहा है।

6. पूरे भारत में व्यापारियों के लिए एक QR (क्विक रिस्पांस) और प्वाइंट ऑफ सेल (POS) डिवाइस लॉन्च करने वाला भुगतान बैंक_____**पेटीएम।**

**नोट:**

- भारत की शीर्ष डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम ने पूरे भारत में एक ऑल-इन-वन QR (क्विक रिस्पांस) और प्वाइंट-ऑफ-सेल (POS) डिवाइस और तृतीय पक्ष एकीकरण के लिए SDK (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट) लॉन्च की है।
- QR और POS डिवाइस की मदद से, व्यवसायी पेटीएम वॉलेट, रुपे कार्ड और सभी UPI (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) आधारित ऐप के माध्यम से देश भर में असीमित भुगतान प्राप्त कर सकेंगे।

7. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंक जमाओं पर बीमा कवर बढ़ाकर कितना कर दिया है____**5 लाख रुपये।**

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने जमाकर्ताओं की धनराशि की सुरक्षा के उद्देश्य से बैंक जमाओं पर बीमा कवर को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है, यह 4 फरवरी, 2020 से प्रभावी है।
- यह कवर भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (DICGC) द्वारा प्रदान किया जाता है।

8. भारत की प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने कौन सी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है____ **इन्फिनिटी (Infinity)।**

**नोट:**

- भारत की प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने "रिलायंस हेल्थ इन्फिनिटी" नामक एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है।
- योजना के तहत, न्यूनतम बीमाकृत राशि 3 लाख रुपये जबकि अधिकतम बीमाकृत राशि 1 करोड़ रुपये होगी।

9. अपनी छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर कितनी निर्धारित की ______ **5.15%।**

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मुंबई, महाराष्ट्र में वर्ष 2020-21 के लिए अपनी छठी द्विमासिक मौद्रिक नीति दरों की घोषणा की।
- RBI ने नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखा है; दरें इस प्रकार हैं-
  - रेपो दर: 5.15%
  - रिवर्स रेपो दर: 4.90%
  - सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर: 5.40%
  - बैंक दर: 5.40%

10. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कर्यान्वयन मंत्रालय (MosPI) द्वारा किए जा रहे नए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, वर्ष 2017-18 के लिए बेरोजगारी दर _____ **6.1%।**

**नोट:**

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MosPI) द्वारा किए जा रहे नए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, श्रम बल की भागीदारी 36.9% और वर्ष 2017-18 के लिए बेरोजगारी दर 6.1% है।
- सरकार नए PLFS का संचालन नए मापदंडों और बड़े प्रतिदर्श आकार के साथ कर रही है, और इसके परिणामों की तुलना पिछले सर्वेक्षणों से नहीं की जा सकती है। यह प्रामाणिक आंकड़े प्रदान करने का प्रयास है।

11. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किन्हें विनियमित करने के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम में संशोधन को मंज़ूरी दी____ **शहरी सहकारी बैंक।**

**नोट:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी सहकारी बैंकों और बहु-राज्यीय सहकारी बैंकों पर बेहतर नियंत्रण हेतु भारत के केंद्रीय बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) को सशक्त बनाने के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम में संशोधन को मंज़ूरी दी।
- ये संशोधन शहरी सहकारी बैंकों और बहु-राज्यीय सहकारी बैंकों पर लागू होंगे।

12. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) "वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2020" का आयोजन कब करेगा ____**10 से 14 फरवरी, 2020 तक।**

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) 10 फरवरी से 14 फरवरी 2020 तक "वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2020" का आयोजन करेगा।
- वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2020 का विषय "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSMEs)" है।

13. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) वित्तीय साक्षरता सप्ताह (FLW) 2020 का आयोजन कर रहा है ____ **10 फरवरी से 14 फरवरी, 2020 तक।**

**नोट:**

- यह सप्ताह "सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME)" विषय पर आधारित है।
- RBI MSME उद्यमियों को आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेश प्रसारित करने के लिए फरवरी 2020 में एक केंद्रीकृत संपर्क साधन अभियान भी शुरू करेगा।

14. नए कोरोना वायरस (nCoV) के प्रकोप का मुकाबला करने के लिए 2 मिलियन डॉलर के निधीकरण को किसने मंज़ूरी दी____**एशियाई विकास बैंक।**

**नोट:**

- एशियाई विकास बैंक (ADB) ने नए कोरोना वायरस (nCoV) के प्रकोप का मुकाबला करने के लिए 2 मिलियन डॉलर के निधिकरण को मंज़ूरी दी है।
- वित्त पोषण के तहत कंबोडिया, चीन, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम में क्षेत्रीय तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। ADB ने 2019 nCoV की स्थिति पर प्रतिक्रिया देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और अन्य क्षेत्रीय विशेषज्ञों के साथ भी साझेदारी की है।

15. भारत सरकार ने अनुसार, उसे कितना विप्रेषित धन प्राप्त हुआ है ____ **118.3 बिलियन डॉलर।**

**नोट:**

- भारतीय सरकार ने अप्रैल 2018 से सितंबर 2019 तक देश में प्राप्त धनराशि के आंकड़े जारी किए हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 13.62 मिलियन भारतीय नागरिक विदेशों में रह रहे हैं और लगभग 118.3 बिलियन डॉलर विप्रेषित धनराशि के रूप में प्राप्त हुए हैं।

- जिन देशों में भारी संख्या में भारतीय रह रहे थे उनमें नेपाल, मध्य पूर्व क्षेत्र, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, मलेशिया और जर्मनी शामिल हैं।

**16.** पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने पेंशन कोष प्रबंधकों के लिए न्यूनतम निवल संपत्ति मानदंड को दोगुना करके कितना किया है____ **50 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- अब, पेंशन कोष म्यूचुअल फंडों के सममूल्य हैं, जिन्हें सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) के नियमों के तहत 50 करोड़ रुपये की न्यूनतम निवल संपत्ति आवश्यकता पूरी करनी होती है।
- अनिश्चित कालीन वैधता वाले लाइसेंस के लिए भी प्रावधान किया गया है। इससे पहले पेंशन कोष प्रबंधकों के लाइसेंस 5 वर्ष की अवधि के लिए दिए जाते थे।
- अब, लाइसेंस नियामक द्वारा रद्द किए जाने तक वैध रहेगा।

**17.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने कितने समय के लिए वाणिज्यिक बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (CRR) की आवश्यकता को आसान कर दिया है____**5 वर्ष।**

**नोट:**

- ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने के एक बड़े कदम में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 5 वर्षों के लिए वाणिज्यिक बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (CRR) की आवश्यकता को आसान कर दिया है।
- इसलिए अब बैंकों को CRR अनुरक्षण हेतु अपनी नेट डिमांड एंड टाइम लाइबेलिटीस (NDTL) से 31 जनवरी- 31 जुलाई, 2020 के बीच ऋण, ऑटोमोबाइल, आवास, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) को दिए ऋण के बराबर राशि के लिए उनकी जमा राशि पर 5- वर्ष के लिए नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को बनाए रखने की आवश्यकता नहीं होगी।

**18.** एक रुपये के करेंसी नोट मुद्रण नियम, 2020 की अधिसूचना के अनुसार, एक रुपये के मुद्रा नोट का रंग होगा____**गुलाबी हरा।**

**नोट:**

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 'एक रुपए के करेंसी नोट मुद्रण नियम, 2020' की अधिसूचना जारी की है, जिसमें वित्त मंत्रालय के सचिव, श्री अतानु चक्रवर्ती के द्विभाषी हस्ताक्षर होंगे।
- यह आयताकार 9.7 x 6.3 सेंटीमीटर का होगा, जिसका कागज 100% कॉटन से बना होगा।
- नोट 110 माइक्रोन मोटा होगा, जिसका वजन 90 GSM (ग्राम प्रति वर्ग मीटर) है।
- गुलाबी हरे रंग के नोट में अनाज का चित्र होगा, जो "देश के कृषि प्रभुत्व" को दर्शाता है।

**19.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किसके लिए नई अखिल भारतीय एकछत्रीय इकाई की स्थापना हेतु मसौदा रूपरेखा प्रकाशित की____ **खुदरा भुगतान प्रणाली।**

**नोट:**

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने खुदरा भुगतान प्रणालियों के लिए नई अखिल भारतीय न्यू अम्ब्रैला इन्टिटी (NUE) की स्थापना के लिए मसौदा रूपरेखा प्रकाशित की।
- इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत समाविष्ट किया जाएगा और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 (PSS अधिनियम) की धारा 4 के तहत प्राधिकृत किया जाएगा।

- RBI ने सभी हितधारकों से मसौदा रुपरेखा पर विचार प्रस्तुत करने को कहा है।

**20.** वित्त मंत्री के अनुसार सितंबर 2019 के अंत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) ने कितना डूबा हुआ ऋण वसूल किया है____**2.03 लाख करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) का डूबा हुआ ऋण मार्च 2018 के अंत के 8.96 लाख करोड़ की तुलना में सितंबर 2019 के अंत में 7.27 लाख करोड़ हो गया।
- यह जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 10 फरवरी, 2020 को प्रदान की थी।

**21.** भारतीय बैंक संघ का 15वां वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो एंड अवार्ड्स 2020 कहां आयोजित हुआ______ **मुंबई, महाराष्ट्र।**

**22.** भारतीय बैंक संघ के 15वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन में 'प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सर्वाधिक ग्राहक केंद्रित बैंक' ______**साउथ इंडियन बैंक।**

**नोट:**

- साउथ इंडियन बैंक 'मोस्ट कस्टमर सेन्ट्रिक बैंक यूजिंग टेक्नोलॉजी' श्रेणी में विजेता और लघु बैंकों के लिए 'बेस्ट पेमेंट इनिशिएटिव' श्रेणी में उप-विजेता रहा।
- पुरस्कार साउथ इंडियन बैंक में मुख्य महाप्रबंधक (CGM) और मुख्य सूचना अधिकारी (CIO) श्री राफेल टी.जे. और साउथ इंडियन बैंक में संयुक्त महाप्रबंधक (JGM) श्री सोनी ने प्राप्त किए।

**23.** द बैंकर की 'शीर्ष 500 बैंकिंग ब्रांड्स 2020' रिपोर्ट के अनुसार, कौन सा भारतीय बैंक वैश्विक बैंकों के बीच 'ब्रांड मूल्य में उच्चतम वृद्धि' की सूची में सबसे ऊपर रहा______**इंडसइंड बैंक।**

**नोट:**

- पिछले 12 महीनों में इसकी ब्रांड मूल्य में 122% की वृद्धि देखी गई। बैंक ने वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही के अंत में कुल 3.1 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति सूचित की।
- रिपोर्ट के एक भाग के रूप में, सूची "टॉप 50 बाय टोटल ब्रांड वैल्यू बाय कंट्री" में चीन शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका दूसरे स्थान पर है जबकि कनाडा और यूनाइटेड किंगडम क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। जापान पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।
- वर्ष 2019 में 10वें स्थान की तुलना में भारत इस सूची में 8वें स्थान पर है।

**24.** इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) ने वर्ष 2020 के लिए अपने वैश्विक विकास पूर्वानुमान को संशोधित कर कितना किया है_____ **2.2%।**

**नोट:**

- द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) ने वर्ष 2020 के लिए अपने वैश्विक विकास पूर्वानुमान को संशोधित कर पिछले 2.3% से कम करके 2.2% कर दिया।
- ऐसा चीन में नए कोरोना वायरस के प्रकोप से वैश्विक बाजार में पड़े प्रभाव के कारण है और यह वायरस अब इसमें बाधा डालने के लिए दुनिया भर में भी वायरस फैलने लगा है।

**25.** एक लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करने वाला 'वी थिंक डिजिटल' कार्यक्रम किसने शुरू किया _____ **फेसबुक।**

**नोट:**

- फेसबुक ने उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित 7 राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए "वी थिंक डिजिटल" कार्यक्रम शुरू किया।
- इसे राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है।

**26.** अपनी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) सेवाओं का 10 मिलियन उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने के लिए, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने किसके साथ समझौता किया____**व्हाट्सएप।**

**नोट:**

- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप को 10 मिलियन उपयोगकर्ताओं तक अपनी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) सेवाओं का विस्तार करने की अनुमति दी है।
- व्हाट्सएप की भुगतान सुविधा "व्हाट्सएप पे" यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) पर कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। UPI को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विकसित किया गया है।
- यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को व्यापार लेनदेन करने या अन्य व्यक्तियों को सीधे अपने बैंक खातों के माध्यम से भुगतान करने में सक्षम बनाती है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, नारी अधिकारवादी लेखक और पत्रकार जिनका निधन हो गया ___**विद्या बाल।**

**नोट:**

- सामाजिक कार्यकर्ता, नारी अधिकारवादी लेखक और पत्रकार विद्या बाल का निधन हो गया।
- वह महिला निहित अपनी वीरोचित अति कठोर कार्य प्रणाली के लिए जानी जाती थीं।
- वह पुरुष-महिला समानता के लिए एक अग्रणी संघर्षशील महिला थीं।
- उनकी जनहित याचिका महाराष्ट्र हिंदू प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट, 1956 के तहत शनि शिंगणापुर मंदिर में महिलाओं पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ थी।

**2.** जसवंत सिंह कंवल का हाल ही में निधन हो गया, वह पेशे से क्या थे ______ **पंजाबी लेखक।**

**नोट:**

- प्रख्यात पंजाबी लेखक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता जसवंत सिंह कंवल का निधन हो गया।
- वर्ष 1996 में, उन्हें उनकी पुस्तक 'पाखी' (हैंड फैन) के लिए साहित्य अकादमी फैलोशिप पुरस्कार दिया गया था और दो वर्ष बाद वर्ष 1998 में, उन्हें अपने उपन्यास 'तौशाली दी हंसो' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

**3.** प्रसिद्ध व्यक्ति रबी सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वह पेशे से क्या थे _____ **ओडिया परिवर्तनवादी कवि और स्वतंत्रता सेनानी।**

**नोट:**

- प्रसिद्ध ओडिया परिवर्तनवादी कवि और स्वतंत्रता सेनानी रबी सिंह का निधन हो गया। वह अपने देशभक्ति प्रिय लेखन के लिए लोकप्रिय 'बिप्लबी कबी' (परिवर्तनवादी कवि) के रूप में प्रसिद्ध थे।

- रबी सिंह को ओडिशा साहित्य में उनके योगदान के लिए वर्ष 2017 में ओडिशा साहित्य अकादमी द्वारा अतीबदी जगन्नाथ दास सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**4.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध पंजाबी उपन्यासकार जिनका हाल ही में निधन हो गया ____ **दलीप कौर टिवाणा।**

**नोट:**

- पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध पंजाबी उपन्यासकार दलीप कौर टिवाणा का 84 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था से संबंधित बीमारी के कारण निधन हो गया।
- वह 'तीली दा निशान 'और' सूरज ते समंदर' उपन्यास के लिए प्रसिद्ध थीं। वह पंजाबी साहित्य अकादमी की पूर्व अध्यक्षा भी थीं।

**5.** साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित जसवंत सिंह कंवल का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया, वे किस भाषा के लेखक थे____**पंजाबी।**

**6.** डैनियल अराप मोई का हाल ही में निधन हो गया, वह कहां के पूर्व राष्ट्रपति थे___**केन्या।**

**नोट:**

- केन्या के पूर्व राष्ट्रपति डैनियल अराप मोई जो एक पूर्व स्कूल शिक्षक और सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले केन्या के राष्ट्रपति हैं, का महीने भर अस्पताल में इलाज कराने के बाद आयु से संबंधित समस्याओं के कारण 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- मोई के निधन की घोषणा केन्या के राष्ट्रपति उहुरू केन्याता ने राष्ट्रीय प्रसारक पर एक बयान के साथ की।

**7.** प्रख्यात अमेरिकी लेखक जिनका हाल ही में निधन हो गया _____**रॉजर काह्न।**

**नोट:**

- अमेरिकी लेखक रॉजर काह्न, जो वर्ष 1972 में अपनी सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक "द बॉयज़ ऑफ़ समर" के लिए जाने जाते हैं, का अमेरिका के न्यूयॉर्क के मैमरोनेक स्थित नर्सिंग होम में आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया, यह घोषणा उनके पुत्र गॉर्डन जैक्स काह्न ने की।
- काह्न ने अपने जीवनकाल में कम से कम 20 पुस्तकें लिखीं। उन्होंने दिग्गज बॉक्सर जैक डेम्पसे को खेल से प्रतिबंधित किए जाने से पहले वर्ष 1989 में उनकी जीवनी के लिए पीट रोज़ के साथ मिलकर कार्य किया।

**8.** प्रसिद्ध क्रिकेट पत्रकार और फिल्म इतिहासकार जिनका हाल ही में निधन हो गया _____**राजू भारतन।**

**नोट:**

- प्रसिद्ध क्रिकेट पत्रकार और फिल्म इतिहासकार राजू भारतन (86 वर्षीय) का निधन मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ।
- वह द हिंदू और स्पोर्टस्टार के लिए लेखक भी रहे और भारत के क्रिकेट मैचों में एक लोकप्रिय रेडियो कमेंटेटर भी थे।

**9.** गिरिराज किशोर का हाल ही में निधन हो गया वह थे ____ **हिंदी उपन्यासकार।**

**नोट:**

- गिरिराज किशोर को उनके उपन्यास "पहला गिरमिटिया" (जिसके लिए उन्होंने वर्ष 2007 में पद्म श्री प्राप्त किया) और "ढाई घर" के लिए जाना जाता था।

- उन्हें वर्ष 2007 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा पद्म श्री, वर्ष 1992 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, वर्ष 2000 में व्यास सम्मान और वर्ष 2002 में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा एक मानद पीएच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) से सम्मानित किया गया।

**10.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के अनुभवी वक्ता और दार्शनिक लेखक जिनका निधन हो गया____ **पी. परमेश्वरन।**

**नोट:**

- उन्होंने वर्ष 1982 में भारतीय विचार केंद्रम की स्थापना की। उन्होंने केसरी, मंथन, युवा भारती और विवेकानंद केंद्र पत्रिका में संपादक के रूप में कार्य किया। उन्होंने विवेकानंद केंद्र के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।
- परमेश्वरन ने भारतीय दर्शनशास्त्र और समाज पर पुस्तकें लिखीं। उन्होंने लगभग 21 पुस्तकें लिखी, 'मार्क्स एंड विवेकानंद: ए कम्परेटिव स्टडी' और 'फ्रॉम मार्क्स टू महर्षि' और 'भगवद गीता - विजन ऑफ ए न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' उनमें लोकप्रिय थीं।

**11.** नंदू आर. कुलकर्णी (70 वर्षीय) का मुंबई, महाराष्ट्र में निधन हो गया, वे एक प्रसिद्ध थे___ **पत्रकार।**

**नोट:**

- वह वर्ष 1992 में कोलकाता स्थित समाचार पत्र "द स्टेट्समैन" के ब्यूरो प्रमुख थे और उन्होंने राजनीति और व्यवसाय सहित अनेक विषयों की विस्तृत श्रृंखला पर भी रिपोर्ट की।
- नंदू कुलकर्णी ने वर्ष 1976 में "द इंडियन एक्सप्रेस" से अपने करियर की शुरुआत की और आर्थिक अपराधों पर जानकारी दी।

**12.** जाने माने व्यक्ति वेंडेल रॉड्रिक्स का गोवा में निधन हो गया, वह क्या थे _____**फैशन डिजाइनर।**

**नोट:**

- प्रसिद्ध भारतीय फैशन डिजाइनर, वेंडेल रॉड्रिक्स (59 वर्षीय) का गोवा के कोलवले में निधन हो गया। उनका जन्म 28 मई 1960 को गोवा में हुआ था।
- वेंडेल रॉड्रिक्स को वर्ष 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और वर्ष 2015 में फ्रांस कि संस्कृति मंत्रालय द्वारा Chevalier de L'ordre des Arts et letters से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने "मोडा गोवा- हिस्ट्री एंड स्टाइल", "द ग्रीन रूम", "पॉस्कम: गोअंस इन द शैडोज़" पुस्तकें भी लिखीं।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2020 कब मनाया गया _____ **2 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- विश्व आर्द्रभूमि दिवस (WWD) पूरे विश्व में जागरूकता फैलाने और आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए मनाया गया।
- इस वर्ष का विषय "आर्द्रभूमि और जैव विविधता" (Wetlands and Biodiversity) है।
- यह विषय जैव विविधता संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालता है, जो आर्द्रभूमि पर रहने या पालन-पोषण करने वाली दुनिया की लगभग 40% पादप एवं पशु प्रजातियों को व्यक्त करता है।

**2.** विश्व कैंसर दिवस 2020 मनाया गया _____**4 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- विश्व कैंसर दिवस का आयोजन कैंसर की रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रोत्साहन हेतु जागरूकता फैलाने के लिए जिनेवा, स्विट्जरलैंड स्थित अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (UICC) द्वारा हर वर्ष 4 फरवरी को किया जाता है।
- विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर से होने वाली बीमारी और मृत्यु को कम करना है। वर्ष 2019 से 2021 तक के लिए विश्व कैंसर दिवस का विषय " I am and I will" है।

3. महिला जननांग विकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस कब मनाया गया____**6 फरवरी।**

**नोट:**

- **महिला जननांग विकृति** (FGM) के लिए **अंतर्राष्ट्रीय शून्य सहनशीलता दिवस** 6 फरवरी को मनाया गया। यह संयुक्त राष्ट्र के महिला जननांग विकृति उन्मूलन के प्रयासों के तहत वर्ष 2003 से मनाया जा रहा है।
- यह दिवस FGM के बारे में जागरूकता फैलाता है जो लड़कियों एवं महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

4. राष्ट्रीय कृमिहरण दिवस (NDD) पूरे देश में कब मनाया गया ____ **10 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- यह दिवस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) द्वारा आयोजित किया गया था। इसके बाद 17 फरवरी, 2020 को मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा।
- इस दिवस का उद्देश्य बच्चों और किशोरों के आंत में परजीवी कीड़े के फैलाव को कम करना है।

5. विश्व दलहन दिवस मनाया जाता है ____ **10 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- विश्व दलहन दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा वैश्विक भोजन के रूप में दालों (ड्राई बीन्स, मसूर की दाल, सूखी मटर, छोले, ल्यूपिन) के महत्व को पहचानने के लिए की गई थी।
- 20 दिसंबर, 2018 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73वें सत्र द्वारा वर्ष 2019 से हर वर्ष 10 फरवरी को विश्व दलहन दिवस निर्दिष्ट किया गया है।

6. विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया ______ **11 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- यह दिवस विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं के लिए समान भागीदारी और पहुंच प्राप्त करना है।
- इस वर्ष का विषय "Investment in Women and Girls in Science for Inclusive Green Growth" है।
- विषय का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को विज्ञान विषय चुनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

7. विश्व यूनानी दिवस मनाया जाता है____**11 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- यह दिवस महान यूनानी विद्वान और समाज सुधारक “हकीम अजमल खान” के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह आयुष (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत द्वारा आयोजित चौथे यूनानी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

8. राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस 2020 मनाया गया _____ **12 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस भारत में उत्पादकता संस्कृति को बढ़ाने के लिए हर वर्ष 12 फरवरी को मनाया जाता है।
- यह दिवस राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (NPC) की सथापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है और उत्पादकता सप्ताह 12 फरवरी से 18 फरवरी, 2020 तक मनाया जाएगा।
- राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (NPC) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आती है।
- NPC उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता, लाभ, सुरक्षा बढ़ाता है और बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करता है।

9. विकासवादी जीव विज्ञान के जनक की जयंती मनाने के लिए डार्विन दिवस मनाया जाता है____**12 फरवरी।**

**नोट:**

- डार्विन दिवस विकासवादी जीव विज्ञान के जनक चार्ल्स डार्विन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया।
- उनका जन्म 12 फरवरी, 1809 को श्रूज़बरी, श्रॉपशायर, इंग्लैंड में हुआ था।
- इस वर्ष 12 फरवरी को चार्ल्स डार्विन की 211वीं जयंती मनाई गई।

10. विश्व रेडियो दिवस (WRD) मनाया गया____ **13 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- विश्व रेडियो दिवस (WRD) पूरे विश्व में “Radio and Diversity” विषय के साथ मनाया जाता है।
- इस दिवस का उद्देश्य रेडियो की अनूठी शक्ति को उजागर करना है जो लोगों को जोड़ती है और दुनिया भर के लोगों को एक साथ लाती है।
- वर्ष 1924 में, मद्रास प्रेसिडेंसी क्लब द्वारा भारत में रेडियो को पहली बार पेश किया गया था।

11. राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया _____ **13 फरवरी, 2020।**

**नोट:**

- स्वतंत्रता कार्यकत्री, सरोजिनी नायडू (जिन्हें नाइटिंगेल ऑफ इंडिया भी कहा जाता है) की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष भारत में 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाता है।
- उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद ब्रिटिश भारत (अब तेलंगाना, भारत) में हुआ था। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है।

## नई नियुक्तियां

1. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने कनाडा के लिए भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में किन्हें नियुक्त किया____ **अजय बिसारिया।**

**नोट:**

- विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने कनाडा में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में अजय बिसारिया को नियुक्त किया है।
- बिसारिया 1987 बैच के एक IFS (भारतीय विदेश सेवा) अधिकारी हैं।
- बिसारिया पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं।

2. इंटरनेशनल बिजनेस मशीन (IBM) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया____ **अरविंद कृष्णा।**

**नोट:**

- भारतीय मूल के प्रौद्योगिकी कार्यकारी अरविंद कृष्णा को अप्रैल में "विश्वस्तरीय पदोन्नत प्रक्रिया" के प्रभावी होने के बाद अमेरिकी आईटी कंपनी इंटरनेशनल बिजनेस मशीन कॉर्प (IBM) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में चुना गया है, वह माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के प्रमुख सत्या नडेला और गूगल के CEO सुंदर पिचाई के बाद अमेरिका स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रमुख बनने वाले तीसरे भारतीय हैं।

3. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया ____ **एम. अजीत कुमार।**

**नोट:**

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के अध्यक्ष के रूप में एम. अजीत कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।
- अजीत 1984 बैच के एक IRS (भारतीय राजस्व सेवा) अधिकारी हैं।
- अजीत ने CBIC के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं और वह CBIC के अध्यक्ष के रूप में प्रणब कुमार दास की जगह लेंगे।

4. इराक का तत्कालीन प्रधानमंत्री किन्हें नियुक्त किया गया____ **मोहम्मद तौफीक अल्लावी।**

**नोट:**

- मोहम्मद तौफीक अल्लावी (65 वर्षीय) को राष्ट्रपति बरहीम सलीह ने इराक के नए प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त किया।
- वह आदिल अब्दुल-महदी के उत्तराधिकारी थे जिन्होंने नवंबर 2019 में सरकार विरोधी प्रतिवादों के कारण इस्तीफा दे दिया था।

5. श्रीलंका में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया ____**गोपाल बागले।**

**नोट:**

- विदेश मंत्रालय ने अनुभवी राजनयिक श्री गोपाल बागले (1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी) को लोकतांत्रिक समाजवादी गणराज्य श्रीलंका में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।
- बागले तरनजीत संधू की जगह लेंगे, जिन्हें अमेरिका में भारतीय राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

6. भारतीय पैरालंपिक समिति का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ____**दीपा मलिक।**

**नोट:**

- भारत की एकमात्र महिला पैरालम्पिक पदक विजेता 49 वर्षीय दीपा मलिक (हरियाणा के सोनीपत निवासी) को भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।
- वह कार्यवाहक अंतरिम अध्यक्ष गुरशरण सिंह की जगह लेंगी।
- दीपा मलिक ने 2016 के रियो पैरालिंपिक खेलों में गोलाफेंक (shot put) F-53 प्रतिस्पर्धा में रजत पदक जीता था।

7. कोसोवो गणराज्य के नए और चौथे प्रधानमंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया ____**अल्बिन कुर्ती।**

**नोट:**

- पूर्व विद्रोही नेता अल्बिन कुर्ती (44 वर्षीय) को संसद द्वारा कोसोवो गणराज्य के नए और चौथे प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।

- अल्बिन ने प्रधानमंत्री के रूप में रामुश हरदिनाज की जगह ली, रामुश ने नीदरलैंड के हेग में युद्ध अपराध न्यायालय में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद जुलाई 2019 में पद से इस्तीफा दे दिया था।

**8.** अमेरिकी यूनानी अर्थशास्त्री पिनेलोपी कोउजियानौ गोल्डबर्ग ने किस संस्था के मुख्य अर्थशास्त्री पद से इस्तीफा दे दिया____ **विश्व बैंक (WB)।**

**9.** लिंक्डइन के नए कार्यकारी अध्यक्ष ____**जेफ वेनर।**

**नोट:**

- जेफ वेनर लिंक्डइन के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए। वे पिछले 11 वर्षों से लिंक्डइन के CEO (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) थे। लिंक्डइन माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाली पेशेवर नेटवर्किंग कंपनी है।
- लिंक्डइन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (VP) रेयान रोजलैन्स्की 1 जून को कंपनी के CEO बन जाएंगे। वह जेफ वेनर के उत्तराधिकारी हैं।
- मार्केटिंग सॉल्यूशंस के वर्तमान उपाध्यक्ष टॉम कोहन रोजलैन्स्की की जगह लेंगे।

**10.** भारत में ब्रिटेन का नया उच्चायुक्त किसे नियुक्त किया गया____**फिलिप बार्टन।**

**नोट:**

- ग्रेट ब्रिटेन के विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय (FCO) ने घोषणा की कि उसने फिलिप रॉबर्ट बार्टन KCMG OBE (नाइट कमांडर ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर) को भारत में ग्रेट ब्रिटेन का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है।
- वह सर डोमिनिक एंथनी जेराई एस्किथ KCMG की जगह लेंगे और वसंत ऋतु में कार्यभार संभालेंगे।

**11.** भारत में ग्रेट ब्रिटेन के नए उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया ____**फिलिप रॉबर्ट बार्टन।**

**नोट:**

- ग्रेट ब्रिटेन के विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय (FCO) ने घोषणा की कि उसने फिलिप रॉबर्ट बार्टन KCMG OBE (नाइट कमांडर ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर) को भारत में ग्रेट ब्रिटेन का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। वह सर डोमिनिक एंथनी जेराई एस्किथ KCMG की जगह लेंगे और वसंत ऋतु में कार्यभार संभालेंगे।
- वर्तमान में बार्टन विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय में कांसुलर और सुरक्षा महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

**12.** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के रूप में कौन शपथ लेंगे ____ **अरविंद केजरीवाल।**

**नोट:**

- आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता श्री अरविंद केजरीवाल (51 वर्षीय) 16 फरवरी, 2020 को दिल्ली के रामलीला मैदान में अपने मंत्रिमंडल सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री (CM) पद की शपथ लेंगे। वह 2013, 2015 और 2020 की अवधि के दौरान लगातार तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे।
- पार्टी ने उप-राज्यपाल श्री अनिल बैजल को सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए एक पत्र भेजा।

**13.** UAE के क्रिकेट निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया _____ **रॉबिन सिंह।**

**नोट:**

- पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोबिंद्र रामनारायण सिंह (56 वर्षीय) को संयुक्त अरब अमीरात के क्रिकेट निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।
- उन्हें अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने मुख्य कोच डगलस रॉबर्ट ब्राउन की बर्खास्तगी के बाद नियुक्त किया था।

**14.** अखिल भारतीय शतरंज संघ (AICF) के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया_____**अजय एच. पटेल।**

**नोट:**

- अजय एच. पटेल को AICF के रिटर्निंग ऑफिसर और सुप्रीम कोर्ट (SC) के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति फकीर मोहम्मद इब्राहिम कलीफुल्ला द्वारा अखिल भारतीय शतरंज संघ (AICF) के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया।
- अन्य व्यक्ति जिन्हें AICF में निर्विरोध चुना गया, वे भरत सिंह चौहान (सचिव), नरेश शर्मा (कोषाध्यक्ष), एम. अरुण सिंह (संयुक्त सचिव) और विपनेश भारद्वाज (उपाध्यक्ष) हैं।

15. वर्ष 2020-21 के लिए इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (ICAI) के अध्यक्ष के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया ______ **अतुल कुमार गुप्ता।**

**नोट:**

- निहार निरंजन जंबुसरिया को वर्ष 2020-21 के लिए ICAI के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। उन्हें नई दिल्ली में केंद्रीय परिषद की बैठक में चुना गया।
- अतुल गुप्ता, जिन्होंने लगभग दो दशकों तक चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में कार्य किया है, वर्ष 2019-20 के लिए ICAI के उपाध्यक्ष थे। वह शिक्षा की दृष्टि से वाणिज्य और कानून में स्नातक हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. मोस्ट प्रॉमिसिंग ब्रांड ऑफ द ईयर अवॉर्ड किसने जीता____**अमूल्य माइका।**

**नोट:**

- MSME उत्कृष्टता पुरस्कार के 7वें संस्करण के दौरान इसकी घोषणा की गई थी।
- पुरस्कार और शिखर सम्मेलन का आयोजन एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM) द्वारा नई दिल्ली के ले मेडेन में किया गया था।

2. किस राज्य ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के कार्यान्वयन के लिए पहला स्थान प्राप्त किया____ **मध्य प्रदेश।**

**नोट:**

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री (MoWCD) श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने मध्य प्रदेश को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के लिए पुरस्कार प्रदान किया।
- इंदौर (मध्य प्रदेश) ने PMMVY में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी पहला स्थान हासिल किया।

3. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास को किसने 'सेंट्रल बैंकर ऑफ द ईयर 2020', एशिया-पैसिफिक से सम्मानित किया _____ **द बैंकर मैगजीन।**

**नोट:**

- द बैंकर मैगजीन एक ब्रिटिश अंग्रेजी भाषा की मासिक वित्तीय पत्रिका है, जिसका स्वामित्व द फाइनेंशियल टाइम्स लिमिटेड के पास है।
- ग्लोबल सेंट्रल बैंकर अवार्ड 2020 नेशनल बैंक ऑफ सर्बिया की प्रमुख जोर्गोवांका तबकोकोवी को दिया गया।
- बैंकर मैगजीन के अनुसार, शक्तिकांत दास ने एनपीए ऋणों से लेकर धोखाधड़ी से जूझ रहे बैंकों तक भारत की बैंकिंग प्रणाली को बेहतर बनाने के कई प्रयास किए हैं।

**4.** वर्ष 2020 का प्रथम मातृभूमि पुस्तक पुरस्कार किसने जीता ____ **विनोद शुक्ला।**

**नोट:**

- उन्हें यह पुरस्कार केरल स्थित मलयालम समाचार पत्र मातृभूमि द्वारा मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2020 में दिया गया।
- उन्हें उनकी अनुवादित पुस्तक 'ब्लू इज़ लाइक ब्लू' के लिए सम्मानित किया गया
- अरविंद कृष्ण मेहरोत्रा और सारा राय ने 'ब्लू इज़ लाइक ब्लू' की कहानियों का अंग्रेजी अनुवाद किया है।

**5.** वर्ष 2018 के लिए मध्यप्रदेश सरकार का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान किन्हें दिया गया ____ **वहीदा रहमान।**

**नोट:**

- उन्हें मुंबई, महाराष्ट्र में मध्य प्रदेश के संस्कृति मंत्री विजयलक्ष्मी साधो द्वारा सम्मानित किया जाएगा।
- पुरस्कार में 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार वर्ष 2019 में एक समारोह के दौरान वहीदा रहमान को नहीं दिया जा सकता था क्योंकि वह उस समय अस्वस्थ थीं।

**6.** परिवहन मंत्री का सड़क सुरक्षा पुरस्कार 2018-19 किसे प्रदान किया गया___ **दिल्ली परिवहन निगम (DTC)।**

**नोट:**

- दिल्ली सरकार के सार्वजनिक परिवहन दिल्ली परिवहन निगम (DTC) को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में परिवहन मंत्री के सड़क सुरक्षा पुरस्कार 2018-19 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार डीटीसी की न्यूनतम दुर्घटना दर के लिए दिया गया था।
- यह पुरस्कार एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग्स (Asrtu) द्वारा दिया गया था।

**7.** 73वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (बाफ्टा) अवार्ड्स के वर्ष 2020 समारोह में किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता___**फिल्म 1917।**

**नोट:**

- इस समारोह की मेजबानी एक आयरिश टेलीविजन और रेडियो प्रस्तुतकर्ता, कॉमेडियन और कमेंटेटर ग्राहम नॉर्टन द्वारा की गई थी।
- प्रथम विश्व युद्ध पर आधारित नाटक '1917' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जिसे सैम मेंडेस ने निर्देशित किया था। फिल्म 1917 ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सैम मेंडेस को दिए गए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार सहित 7 पुरस्कार जीते, उन्हें पहली बार ब्रिटिश अकादमी द्वारा निर्देशन के लिए सम्मानित किया गया था।

**8.** किस कंपनी को नई दिल्ली, भारत में 'बोरोन नाइट्रेट आधारित पर्सनल हाइब्रिड कॉम्बैट आर्मर" के लिए प्रतिष्ठित SKOCH अवार्ड से सम्मानित किया गया ____**बिग बैंग बूम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड।**

**नोट:**

- बिग बैंग बूम सॉल्यूशंस ने iDex (इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस) श्रेणी में सी-थ्रू आर्मर और इल्लीगल डिफेंस ड्रोन में MoD (रक्षा मंत्रालय) प्रतियोगिता में भी जीत हासिल की।
    - (Innovations for Defence Excellence) category.
- BBBS रक्षा क्षेत्र को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से जोड़ने वाली पहली कंपनी थी।

9. महाराष्ट्र में पत्रकारिता के लिए मंत्रालय एवं विधिमंडल वर्ताहर संघ द्वारा स्थापित आजीवन उपलब्धि पुरस्कार किसने जीता______ **दिनकर केशव रायकर।**

**नोट:**

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव बाल ठाकरे ने पुरस्कार प्रदान किया।
- रायकर लोकमत समूह के परामर्श संपादक हैं और पत्रकारिता में 50 वर्ष पूरे कर चुके हैं।

10. डफ एंड फेल्प्स द्वारा प्रकाशित वर्ष 2019 की सेलिब्रिटी ब्रांड इवोल्यूशन रिपोर्ट में पहला स्थान किसने प्राप्त किया ____**विराट कोहली।**

**नोट:**

- भारतीय कप्तान विराट कोहली ने लगातार तीसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। कोहली का ब्रांड मूल्य वर्ष 2019 में 39% बढ़कर 237.5 मिलियन डॉलर हो गया।
- बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार 104.5 मिलियन डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- बॉलीवुड युगल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण 93.5 मिलियन डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

11. भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने कुष्ठ रोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय गांधी पुरस्कार किसे प्रदान किया_____ **डॉ. एन.एस. धर्मसकतु।**

**नोट:**

- इस पुरस्कार की स्थापना गांधी मेमोरियल लेप्रोसी फाउंडेशन द्वारा की गई थी।
- पुरस्कार का उद्देश्य व्यक्तियों और संगठनों द्वारा कुष्ठ रोग से लड़ने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य को पहचानना और इससे संबंधित पूर्वधारणा को समाप्त करना है।
- भारत ने प्रति हजार जनसंख्या पर एक मामले से कम के रूप में परिभाषित कुष्ठ उन्मूलन के स्तर को सफलतापूर्वक प्राप्त किया था।

12. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का कोच लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड पाने वाले प्रथम भारतीय _____**पुलेला गोपीचंद।**

**नोट:**

- यह अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के वार्षिक पुरस्कारों का तीसरा संस्करण था।
- वह ओलंपिक समिति द्वारा इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय कोच हैं।
- गोपीचंद एक पूर्व भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2008 में गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी की स्थापना की।
- उन्होंने साइना नेहवाल (2012 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता), पी.वी. सिंधु, पारुपल्ली कश्यप, श्रीकांत किदांबी आदि को प्रशिक्षित किया।

13. दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अंकोकागुआ पर चढ़ने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की_____**काम्या कार्तिकेयन।**

**नोट:**

- काम्या कार्तिकेयन (12 वर्षीय) मुंबई, महाराष्ट्र में नेवी चिल्ड्रन स्कूल (NCS) की कक्षा 7 की छात्रा माउंट अंकोकागुआ (दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाली दुनिया की सबसे युवा लड़की बन गई।
- माउंट अंकोकागुआ एशिया के बाहर सबसे ऊंची चोटी है जो लगभग 6962 मीटर ऊंची है।
- काम्या 1 फरवरी, 2020 को पर्वत शिखर पर पहुंची और भारतीय तिरंगे झंडे को फहराया।

**14.** 92वें अकादमी पुरस्कार समारोह 2020-19 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी किसने जीती___**जॉक्विन राफेल फीनिक्स।**

**नोट:**

- अमेरिकी अभिनेता, निर्माता, और पर्यावरणविद् जॉक्विन राफेल फीनिक्स (45 वर्षीय) ने "जोकर" में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी जीती, जबकि अमेरिकी अभिनेत्री रेनी कैथलीन ज़ेल्वेगर (50 वर्षीय) ने "जूडी" के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

**15.** 92वें अकादमी पुरस्कार समारोह 2020 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की ट्रॉफी किसने जीती____ **कैथलीन ज़ेल्वेगर।**

**नोट:**

- अमेरिकी अभिनेता, निर्माता, और पर्यावरणविद् जॉक्विन राफेल फीनिक्स (45 वर्षीय) ने "जोकर" में अपने प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी जीती, जबकि अमेरिकी अभिनेत्री रेनी कैथलीन ज़ेल्वेगर (50 वर्षीय) ने "जूडी" के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

**16.** 92वें अकादमी पुरस्कार समारोह 2020 में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा पुरस्कार से सम्मानित किया गया_____**पैरासाइट।**

**नोट:**

- पहली बार बोंग जून हो ने अपनी फिल्म "पैरासाइट" के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल पटकथा का अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले एशियाई और दक्षिण कोरियाई फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रचा, जबकि फिल्म निर्माता तायका वेट्टेटी ने एडाप्टेड स्क्रीनप्ले श्रेणी में ऑस्कर जीता था।

**17.** वार्षिक ESPNcricinfo अवार्ड 2019 के 13वें संस्करण में 'कैप्टन ऑफ द ईयर' किसे चुना गया____**ईयान जोसेफ गेरार्ड मॉर्गन।**

**नोट:**

- ईयान जोसेफ गेरार्ड मॉर्गन को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप का खिताब जीतने में इंग्लैंड की टीम का नेतृत्व करने के लिए 'कप्तान' चुना गया था।
- बेन स्टोक्स को ODI (एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय) में बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

**18.** जीनोम वैली एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ बायोएशिया-2020 से किसे सम्मानित किया गया__ **डॉ. वसंत नरसिम्हन।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार तेलंगाना सरकार के वार्षिक वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान मंच द्वारा आयोजित एक समारोह में दिया जाएगा।
- डॉ. नरसिम्हन को डिजिटल प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा के फार्मास्युटिकल बिजनेस में उनकी नई दृष्टि के लिए चुना गया है।
- उन्होंने 20 नई दवाओं के विकास में भी काम किया, जिनमें उन्नत कोशिकाएं, जीन थेरेपी के साथ-साथ टीके भी शामिल हैं और उन्होंने विशेष रूप से विकासशील देशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर भी काम किया।

**19.** भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने राष्ट्रपति ध्वज किसे प्रदान किया _____ **INS शिवाजी।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा INS शिवाजी (सेवा के 75 वर्ष पूर्ण) की प्लेटिनम जयंती के अवसर पर निशान अधकारी को प्रदान किया गया।

- समारोह में परेड का आयोजन INS शिवाजी द्वारा किया गया था जिसमें भारतीय नौसेना के 130 अधिकारी, 630 नाविक, 150 पुरुष गार्ड ऑफ ऑनर शामिल थे और इसकी कमान कमोडोर रवनीश सेठ ने संभाली।
- यह सम्मान किसी सैन्य इकाई को शांति या युद्ध के समय राष्ट्र के प्रति की गई असाधारण सेवा के लिए दिया जाने वाला उच्च कोटि का सम्मान है।

**20.** इंडियन अचीवर्स अवार्ड (IAA) से किसे सम्मानित किया गया_____**राजेंद्र इंद्रमान सिंह।**

**नोट:**

- प्रियदर्शनी ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजों के संस्थापक और अध्यक्ष को 'भारतीय शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान' के सम्मान में इंडियन अचीवर्स अवार्ड (IAA) से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली, भारत में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

**21.** FIH मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर 2019 किसे चुना गया _____**मनप्रीत सिंह पवार।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) द्वारा भारत की पुरुषों की राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान को पुरस्कार के लिए चुना गया।
- इसी के साथ वह यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बन गए।
- वहीं नीदरलैंड की महिला टीम की कप्तान इवा डे गोएडे (30 वर्षीय) को FIH महिला "प्लेयर ऑफ द ईयर 2019" चुना गया।

## खेल समाचार

**1.** गोवा 2020 ने राष्ट्रीय खेलों के आधिकारिक शुभंकर किसे बनाया____**रुबिगुला।**

**नोट:**

- गोवा के पणजी में गोवा 2020 राष्ट्रीय खेलों के आधिकारिक शुभंकर के रूप में रुबिगुला (फ्लेम-थ्रोटेड बुलबुल) का अनावरण किया गया। फ्लेम-थ्रोटेड बुलबुल गोवा का राज्य पक्षी है।
- गोवा 20 अक्टूबर से 4 नवंबर 2020 तक राष्ट्रीय खेलों के 36वें संस्करण की मेजबानी करेगा।

**2.** आस्ट्रेलियन ओपन 2020 में पुरुषों का एकल खिताब किसने जीता____ **नोवाक जोकोविच।**

**नोट:**

- सर्बिया के नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में रिकॉर्ड 8वां खिताब जीतकर सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पुरुष टेनिस खिलाड़ियों की सूची में स्पेन के राफेल नडाल और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के काफी करीब पहुंच गए हैं।
- नोवाक जोकोविच 8 खिताब जीतने वाले केवल तीसरे पुरुष हैं।
- नोवाक जोकोविच ने मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष एकल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को पांच सेटों में हराया।

**3.** ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2020 में महिला एकल खिताब किसने जीता____ **सोफिया केनिन।**

**नोट:**

- ऑस्ट्रेलियाई ओपन विश्व की प्रमुख टेनिस प्रतियोगिताओं में चार वार्षिक ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में से पहला है।
- ऑस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न पार्क में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
- ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2020 में, सोफिया केनिन ने गार्बिन मुगुरुजा को हराकर महिला एकल खिताब जीता।

**4.** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) ने किस भारोत्तोलक को निलंबित किया ___**रामशाद एआर।**

**नोट:**

- नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) ने भारोत्तोलक रामशाद एआर को डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने के बाद 2 वर्ष के लिए निलंबित कर दिया।
- 71वीं पुरुष राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के दौरान नाडा के डोपिंग नियंत्रण अधिकारी द्वारा उनकी जांच की गई थी।

**5.** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (ITF) द्वारा डोपिंग के लिए 22 महीने तक प्रतिबंधित किया गया_____ **अबिगेल स्पीयर्स।**

**नोट:**

- 2019 यूएस ओपन मैच से डोपिंग टेस्ट में असफल होने के बाद स्पीयर्स पर प्रतिबंध की घोषणा की गई थी।
- वह प्रतिबंध जो 7 नवंबर, 2019 से शुरू किया गया था, वह 6 सितंबर, 2021 की आधी रात को समाप्त होगा।
- उनके नमूने में परीक्षण के दौरान प्रेस्टरवन और टेस्टोस्टेरोन जैसे प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए।
- स्पीयर्स ने अपने करियर में 21 महिला युगल खिताब जीते हैं और 2017 ऑस्ट्रेलियाई ओपन का मिश्रित युगल खिताब भी जीता है।

**6.** 2020 ICC अंडर -19 क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण किसने जीता______**बांग्लादेश।**

**नोट:**

- सीमित ओवरों का एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2020 ICC अंडर -19 क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण 17 जनवरी - 9 फरवरी 2020 से दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था।
- यह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा आयोजित किया गया था और 16 टीमों ने क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया, जिसमें टीमों के बीच कुल 48 मैच खेले गए।
- फाइनल बांग्लादेश और भारत के बीच जेबी मार्क्स ओवल, पोटचेफस्ट्रूम, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया था।
- बांग्लादेश की युवा टीम ने रोमांचक फाइनल मैच में भारत को तीन विकेट से हराया।

**7.** ICC महिला चैंपियनशिप ट्रॉफी 2020 किसने जीती _____**ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- ऑस्ट्रेलिया की टीम का नेतृत्व मेघन मोइरा लैनिंग (जिन्हें मेग लैनिंग के नाम से भी जाना जाता है) ने किया था, जिन्होंने पिछली बार भी यह ट्रॉफी जीती थी (अर्थात प्रथम संस्करण 2014-16)।
- इसके साथ, ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड में आयोजित होने वाले वर्ष 2021 के महिला क्रिकेट विश्व कप में अपना स्थान सुरक्षित किया।
- ICC महिला चैंपियनशिप ने मेजबान न्यूजीलैंड और चार शीर्ष टीमों को विश्व कप 2021 में सीधे जगह दी है।

**8.** भारतीय राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप 2020 में पुरुषों का खिताब किसने जीता_____ **आदित्य मेहता।**

**नोट:**

- भारतीय स्नूकर खिलाड़ी, आदित्य मेहता ने पुणे, महाराष्ट्र के PYC हिंदू जिमखाना में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप 2020 में पुरुषों का खिताब जीता।
- पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (PSPB) का प्रतिनिधित्व करने वाले आदित्य मेहता ने कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 6-2 के अंकों से हराया और खिताब जीता।

**9.** भारतीय राष्ट्रीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैंपियनशिप 2020 में महिलाओं का खिताब किसने जीता____**विद्या विश्वनाथन।**

**नोट:**

- भारतीय स्नूकर खिलाड़ी, विद्या विश्वनाथन ने पुणे, महाराष्ट्र के PYC हिंदू जिमखाना में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय बिलियडर्स और स्नूकर चैंपियनशिप 2020 में महिलाओं का खिताब जीता।
- महिला स्नूकर फाइनल में, कर्नाटक की विद्या पिल्लई ने मध्य प्रदेश की अमी कमानी को 3-2 अंकों से हराया।
- यह पिल्लई का 10वां राष्ट्रीय स्नूकर खिताब है।

**10.** 6.17 मीटर की ऊंचाई तक कूदकर पोल वॉल्ट में एक नया विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया ____**अर्मांड मोन्डो डुप्लेन्ट्स।**

**नोट:**

- मोन्डो डुप्लेन्ट्स पोलैंड के तोरून में आयोजित विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर में अपने दूसरे प्रयास में 6.17 मीटर की ऊंचाई तक कूदे।
- डुप्लेन्ट्स का जन्म 10 नवंबर 1999 को, लफायेट्टे, लुइसियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था।
- फ्रेंच-खिलाड़ी रेनॉड लेविलेनी का रिकॉर्ड फरवरी 2014 में डोनेट्स्क, यूक्रेन में 6.16 मीटर का था।

**11.** 11 फरवरी 2020 को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग 2020 में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखने वाले क्रिकेटर____**विराट कोहली।**

**नोट:**

- पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम, जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शतक बनाया था, ने 800 अंकों के साथ टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर 5वां स्थान हासिल किया।
- चेतेश्वर पुजारा छठे स्थान से एक स्थान खिसककर सातवें स्थान पर आ गए।
- वहीं, डेविड वॉर्नर (ऑस्ट्रेलिया) छठे स्थान पर हैं।
- अजिंक्य रहाणे शीर्ष 10 में बने हुए हैं और नवें स्थान पर हैं।

**12.** 54वें अखिल भारतीय बॉम्बे गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब किसने जीता____**भारतीय नौसेना।**

**नोट:**

- भारतीय नौसेना, मुंबई (महाराष्ट्र) ने दक्षिण मध्य रेलवे (SCR), सिकंदराबाद को हराया।
- टूर्नामेंट का आयोजन मुंबई हॉकी एसोसिएशन लिमिटेड (MHAL) द्वारा किया गया था।

**--------------0--------------**